25/08/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के युवाओं को अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों से काफी फायदा हुआ है। आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में बहुत कुछ ऐसा हो रहा है जिससे विकसित भारत की नींव मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि इस महीने 23 तारीख को देशवासियों ने पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस और चंद्रयान-3 की सफलता का जश्न मनाया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष आज ही के दिन चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी हिस्से में शिव शक्ति बिंदु पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत विश्व का पहला देश बना है। हर घर तिरंगा अभियान के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि अरूणाचल प्रदेश के ईस्ट कामेंग जिले में 600 फीट लंबे तिरंगे के साथ यात्रा निकाली गई। मानव और पशुओं के बीच प्रेम के बंधन का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि अरूणाचल प्रदेश के कुछ युवाओं ने सींगों और दांतों के लिए वन्य जीवों को शिकार होने से बचाने के लिए थ्री-डी प्रिंटिंग प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करना शुरू किया है। **नाबम बापू** और **लिखा नाना** के नेतृत्व में उनकी टीम पशुओं के विभिन्न हिस्सों की थ्री-डी प्रिंटिंग करती है। इससे परिधान और टोपियों जैसी चीजें बनाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि यह एक जबरदस्त विकल्प है जिसमें बॉयो-डिग्रेडेबल सामग्री का इस्तेमाल होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में अधिक से अधिक स्टार्टअप्स को आगे आना चाहिए जिससे कि पशुओं की रक्षा हो सके और परंपराएं भी चलती रहें।

प्रधानमंत्री ने लोगों से कैच द रेन मूवमेंट और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने देशवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का अनुरोध भी किया।

0000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनाईक ने जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने भागवत गीता में श्री कृष्ण की शिक्षाओं विशेष रुप से परिणामों की परवाह किए बिना अपने कर्तव्य का पालन करने के सिद्धांतों पर जोर देते हुए सभी को उनके प्रेम, करुणा और बहुलवाद के संदेशों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने आज जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक संदेश में श्री धनखड ने कहा कि यह त्यौहार धर्म के शाश्वत मूल्यों, बुराई पर अच्छाई की जीत, सत्य और करुणा आधारित जीवन के महत्व को दर्शाता है।

000000000000000

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए **युनिफाइड पेंशन स्कीम** को स्वीकृति दी है जिसमें निश्चित पेंशन का प्रावधान किया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कल नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस योजना के अंतर्गत 25 वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद अंतिम 12 महीनों के मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन दिया जाएगा। इसके अलावा योजना में कर्मचारी के निधन के बाद परिवार पेंशन 60 प्रतिशत कर दी गई है।

श्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना से लगभग 23 लाख सरकारी कर्मचारियों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की प्रगति में योगदान के लिए सरकारी कर्मचारियों की सराहना की है। युनीफाइड पेंशन स्कीम पर मंत्रिमंडल के फैसले के बाद प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह योजना सरकारी कर्मचारियों के लिए सम्मान और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि यह योजना उनकी भलाई और सुरक्षित भविष्य के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

000000000000000

यिंकियोंग जिला उपायुक्त हागे लैलांग की अध्यक्षता में शनिवार को अपशिष्ट प्रबंधन उपनियमों पर जिला शहरी विकास एजेंसी डूडा की बैठक आयोजित की गई । इस अवसर पर जन जागरुकता अभियान भी चलाया गया। यह कार्यक्रम अरुणाचल प्रदेश के ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट और निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन उपनियमों दो हजार तेईस के प्रवर्तन पर केंद्रित था। बैठक को संबोधित करते हुए डी सी लैलांग ने स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया और उपनियमों के बारे में लोगों में जागरुकता बढ़ाने और गैर अनुपालन के लिए उपयोगकर्ता शुल्क और दंड सहित उपनियमों के सख्त प्रवर्तन का आह्वान किया। उन्होंने स्थानीय निवासियों और व्यवसायों से जिला प्रशासन और शहरी विकास विभाग के साथ सहयोग करने और बेहतर सार्वजनिक पालन के लिए कचरा संग्रहण समय और मार्गों को स्पष्ट रुप से संप्रेषित करने को कहा।

0000000000000000000

राष्ट्रीय कराटे स्वर्ण पदक विजेता तारु रिचो का कल उनके पैतृक गांव लोअर सुबनसिरी जिले के हिजा गांव में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। श्री रिचो ने हरियाणा में खेले गए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सीनियर पैरा व्हील चेयर काटा श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। इस अवसर पर बोलते हुए युवा मामलों के निदेशक रमेश लिंग्गी ने श्री रिचो के समर्पण की प्रशंसा की और वादा किया कि राज्य सरकार सुनिश्चित करेगी कि उसे वह पहचान और प्रोत्साहन मिले जिसके वह हकदार है। श्री लिग्गी ने अरुणाचल प्रदेश के अन्य एथलिटों को भी राष्ट्रीय और अंतर राष्ट्रीय सफलता के लिए लक्ष्य बनाने के लिए कहा और उम्मीद जताई कि श्री रिचो एक दिन ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा।

000000000000000000

ऑपरेशन सद्भावना के तहत भारतीय सेना ने आज अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में भारत-तिब्बत सीमा के पास तकत्सांग गांव और ग्रोलेथांग के बीच एक सुदुर गांव कुमरोत्सर गांव में चिकित्सा एवं पशु चिकित्सा शिविर लगाया। सौ से भी कम आबादी वाले मुख्य रुप से याक चरवाहों के साथ कुमरोत्सर गांव के आस-पास कोई भी अस्पताल या चिकित्सा सुविधा न होने के कारण गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। शिविर में निवासियों को मुफ्त चिकित्सा सेवाएं और पशुओं के लिए पशुचिकित्सा प्रदान की गई। यह पहल सरकार के “स्वस्थ भारत अभियान” जे साथ संरेखित है, जो सुदुर सीमावर्ती क्षेत्रों में जीवन को बेहतर बनाने के लिए सेना की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

000000000000000000

ट्रांसमिशन डिवीजन -III के कार्यकारी अभियंता ने शनिवार को बताया कि तेईस अगस्त की मध्यरात्रि को आए तेज चक्रवाती तूफान के कारण एक सौ बत्तीस के वी आलो -पासीघाट ट्रांसमिशन लाइन में पेड़ गिरने से Loc. AP-22 और AP-23 के बीच कंडक्टर क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना के साथ ही एक सौ बत्तीस के वी रोइंग-पासीघाट ट्रांसमिशन लाइन के ट्रिप होने से रात बारह बजकर चौवन मीनट से ग्रिड की आपूर्ति बाधित है। मौसम के आधार पर मरम्मत का कार्य दो से तीन दिन लग सकते है। रोईंग -पासीघाट लाइन में आई खराबी का कारण अभी भी जांच के दायरे में है।

0000000000000000000

ऑल तागिन छात्र संघ ने आज ईटानगर में आयोजित एक समारोह में तागिन समुदाय से अट्ठाईस उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में कक्षा दसवी और बारहवीं के चौदह-चौदह छात्रों को उनके असाधारण शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पापुम पारे जिला पुलिस अधीक्षक तारु गुसार ने छात्रों को अपने पर ध्यान केंद्रित करने और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस बीच राजीव गांधी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आशान रिड्डी ने छात्रों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

0000000000000000